# आर.ए.एस./आर.टी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2018
# (सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान)
# मॉडल पेपर-4

**समयः 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

1. समाज सुधारक ज्योतिबा फुले से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   A. ज्योतिबा फुले ने 1873 ई. में सत्य शोधक समाज की स्थापना की।
   B. ज्योतिबा फुले ने पुरोहितों के बिना विवाह समारोह संपन्न कराने की प्रथा चलाई।
   C. 1848 ई. में निम्न जातियों की कन्याओं के लिये उन्होंने स्कूल खोला।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (1) केवल A और B
   (2) केवल B और C
   (3) केवल A और C
   (4) A, B और C

2. 1930 ई. में ब्रिटिश सरकार द्वारा लंदन में पहला गोलमेज सम्मेलन किस उद्देश्य हेतु आयोजित किया गया था?
   (1) सविनय अवज्ञा आंदोलन समाप्त करने हेतु।
   (2) साइमन कमीशन की रिपोर्ट पर विचार हेतु।
   (3) भारत में बढ़ रही क्रांतिकारी आतंकवादी गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु।
   (4) राजनीतिक-सामाजिक सुधार के लिये कानून बनाने हेतु।

3. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजियेः

| **सूची-I (लेखक)** | **सूची-II (रचनाएँ)** |
|---|---|
| A. मेगस्थनीज | (i) हर्ष चरित |
| B. टॉलेमी | (ii) इंडिका |
| C. प्लिनी | (iii) ज्योग्राफी |
| D. बाणभट्ट | (iv) नेचुरल हिस्टोरिका |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

4. प्राचीन भारत में निम्नलिखित में कौन-सा बंदरगाह कोरोमंडल तट पर अवस्थित था?
   (1) ताम्रलिप्ति (2) मुजीरीस
   (3) आरिकामेडु (4) सोपारा

5. निम्नलिखित में किस शासक ने बोधगया में बोधिवृक्ष को काट दिया था?
   (1) अशोक (2) मिहिरकुल
   (3) पुष्यमित्र शुंग (4) शशांक

6. गुप्तकाल में जारी की गई स्वर्ण मुद्राओं को निम्नलिखित में से किस नाम से पुकारा जाता था?
   (1) दीनार (2) टका
   (3) निष्क (4) शतमान

7. मालवा राज्य के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
   (1) पंद्रहवीं सदी के दौरान मालवा राज्य अपने वैभव के उच्चतम शिखर पर था।
   (2) हुशांगशाह ने जैन व्यापारियों को आश्रय प्रदान किया।
   (3) जामा-मस्जिद, हिंडोला महल, जहाजमहल आदि मालवा शैली की प्रसिद्ध इमारतें हैं।
   (4) मालवा की राजधानी जोधपुर थी।

8. ब्रंटलैंड आयोग रिपोर्ट का संबंध किससे है?
   (1) कुपोषण की समस्याओं से
   (2) पर्यावरण तथा सतत विकास
   (3) महिला सशक्तीकरण से
   (4) जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के उपायों से

9. केरल मे पाई जाने वाली मोनाज़ाइट रेत में कौन-सा खनिज पाया जाता है?
   (1) यूरेनियम (2) सोना
   (3) प्लेटिनम (4) थोरियम

10. 'स्वर्णिम चतुर्भुज' महाराजमार्ग भारत के किन शहरों को आपस में जोड़ता है?
    (1) दिल्ली, पटना, हैदराबाद, अहमदाबाद
    (2) दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई
    (3) दिल्ली, गुवाहाटी, चेन्नई, पुणे
    (4) दिल्ली, कोलकाता, बंगलुरु, मुंबई

11. लैकोलिथ और बैथोलिथ के निर्माण का संबंध किससे है?
    (1) भूकंप (2) हिमस्खलन
    (3) नदी अपरदन (4) ज्वालामुखी

12. वायुमंडल में उपस्थित गैसों में नाइट्रोजन गैस का कुल कितना प्रतिशत है?
    (1) 70.02% (2) 68.05%
    (3) 78.08% (4) 74.25%

13. 'पी. ओ. सी. एस. ओ.' कानून का संबंध किससे है?
    (1) बच्चों से (2) समुद्र से
    (3) तेल कंपनियों से (4) लोक सेवकों से

14. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (जलधारा)** | **सूची-II (महासागर)** |
|---|---|
| A. अगुलहास धारा | (i) उत्तरी अटलांटिक महासागर |
| B. फॉकलैंड धारा | (ii) दक्षिण अटलांटिक महासागर |
| C. हंबोल्ट धारा | (iii) हिंद महासागर |
| D. गल्फस्ट्रीम धारा | (iv) प्रशांत महासागर |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

15. वायुमंडल में उपस्थित ग्रीन हॉउस गैसों में सर्वाधिक उपस्थित गैसों का उनके प्रतिशत के आधार पर सही क्रम है-
   (1) मीथेन $\rightarrow$ क्लोरो फ्लोरोकार्बन $\rightarrow$ सल्फर डाइऑक्साइड
   (2) कार्बन डाइऑक्साइड $\rightarrow$ मीथेन $\rightarrow$ क्लोरो फ्लोरोकार्बन
   (3) मीथेन $\rightarrow$ कार्बन डाइऑक्साइड $\rightarrow$ नाइट्रस ऑक्साइड
   (4) कार्बन डाइऑक्साइड $\rightarrow$ मीथेन $\rightarrow$ सल्फर डाइऑक्साइडड

16. हमारे घरों में जो विद्युत की सप्लाई की जाती है वह कितने वोल्ट तथा हार्ट्ज (Hz) पर होती है?
   (1) 200v, 25Hz   (2) 220v, 50Hz
   (3) 300v, 50Hz   (4) 500v, 60Hz

17. **कथन (A)** अंगीठी में जलने वाला कोयला लाल रंग के समान उज्ज्वल होता है और बिना ज्वाला के उष्मा देता है।
**कारण (R)** केवल गैसीय पदार्थों के जलने पर ही ज्वाला उत्पन्न होती है।
**कूटः**
   (1) A और R दोनों सही हैं एवं R, A की सही व्याख्या करता है।
   (2) A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
   (3) A सही है, परंतु R गलत है।
   (4) A गलत है, परंतु R सही है।

18. लेंस की क्षमता किससे मापी जाती है?
   (1) हाइग्रोमीटर   (2) मैनोमीटर
   (3) डायोप्टर   (4) डॉब्सन

19. सूची-I को सूची II से सुमेलित करते हुए उनके नीचे दिये गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजियेः

| **सूची-I (परमाणु शक्ति केंद)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. ट्रॉम्बे | (i) गुजरात |
| B. कलपक्कम | (ii) उत्तर प्रदेश |
| C. नरौरा | (iii) महाराष्ट्र |
| D. काकरापार | (iv) तमिलनाडु |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

20. स्टेनलेस इस्पात की कड़ाही में प्रायः कॉपर (तांबे) की तली लगाई जाती है, इसका क्या कारण हो सकता है?
   (1) स्टेनलेस इस्पात की अपेक्षा तांबा ऊष्मा का अच्छा चालक है?
   (2) तांबे की तली कड़ाही को अधिक टिकाऊ बना देती है।
   (3) ऐसी कड़ाही देखने में सुंदर लगती है।
   (4) स्टेनलेस इस्पात की अपेक्षा तांबे को साफ करना अधिक आसान है।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| **अम्ल का नाम** | **पदार्थ का नाम जिसमें पाया जाता है** |
|---|---|
| (1) एसीटिक अम्ल | - सिरका |
| (2) फार्मिक अम्ल | - चींटी का डंक |
| (3) लैक्टिक अम्ल | - दही |
| (4) ऑक्जेलिक अम्ल | - इमली |

22. बाल्कन प्लान किस अधिनियम से संबंधित है?
   (1) 1919 का भारत शासन अधिनियम
   (2) 1909 का मॉर्ले मिंटो सुधार अधिनियम
   (3) 1935 का भारत शासन अधिनियम
   (4) 1947 का भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम

23. भारत ने समवर्ती सूची की संकल्पना उद्धृत की है-
   (1) यू.एस.एस.आर. के संविधान से
   (2) यू.एस.ए. के संविधान से
   (3) स्विट्ज़रलैंड के सविंधान से
   (4) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से

24. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| प्रावधान/विषय | अनुच्छेद |
|---|---|
| (1) नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता | - अनुच्छेद 44 |
| (2) संघ की कार्यपालिका शक्ति | - अनुच्छेद 53 |
| (3) अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की अभिवृद्धि | - अनुच्छेद 50 |
| (4) कृषि और पशुपालन का संगठन | - अनुच्छेद 48 |

25. भारत में सर्वप्रथम राजस्थान में पंचायती राज की शुरुआत कब की गई थी?
(1) अक्टूबर, 1951 में
(2) अक्टूबर, 1953 में
(3) अक्टूबर, 1955 में
(4) अक्टूबर, 1959 में

26. निम्नलिखित में से किस देश ने सरकारी तौर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम को सर्वप्रथम अपनाया?
(1) चीन ने (2) यू. एस. ए. ने
(3) भारत ने (4) ब्राज़ील ने

27. परमाणविक ऊर्जा विभाग, निम्नलिखित में से किसके प्रशासन के अधीन है?
(1) प्रधानमंत्री कार्यालय
(2) विद्युत मंत्रालय
(3) विज्ञान और प्रौद्योगिकी
(4) मंत्रिमंडल सचिवालय

28. लोकसभा के द्वितीय अध्यक्ष कौन थे?
(1) सरदार हुकुम सिंह (2) बलिराम भगत
(3) एम.ए. आय्यंगर (4) बलराम जाखड़

29. जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोकहित मुकदमा (PIL) लाया गया तब भारत के मुख्य न्यायमूर्ति कौन थे?
(1) पी.एन. भगवती (2) ए.एस. आनंद
(3) ए.एम. अहमदी (4) एम. हिदायतुल्लाह

30. 1980 के बाद निम्नलिखित किस देश में बचत और निवेश में मंदी की घटनाएँ नहीं देखी गईं?
(1) सिंगापुर (2) बांग्लादेश
(3) मॉरीशस (4) चीन

31. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा जारी की जाती है?
(1) विश्व बैंक द्वारा
(2) विश्व व्यापार संगठन द्वारा
(3) विश्व आर्थिक मंच द्वारा
(4) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा

32. आवास कीमत सूचकांक के संदर्भ में, दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-
A. एक भौगोलिक सीमा के भीतर रिहायशी संपत्ति की कीमतों में उतार-चढ़ाव को मापने के लिये आवास कीमत सूचकांक का प्रयोग किया जाता है।
B. राष्ट्रीय आवास बैंक आवासीय कीमत सूचकांक की गणना करने के लिये वित्तीय वर्ष 2011-12 को आधार वर्ष के रूप में प्रयोग करता है।
C. प्रथम आवासीय कीमत सूचकांक एनएचबी-रेसिडेक्स को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल A और C (4) A, B और C

33. प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत देश के सभी घरों तक बिजली पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है-
(1) 2 अक्टूबर, 2018 तक (2) 31 दिसंबर, 2018 तक
(3) 16 नवंबर, 2018 तक (4) 25 दिसंबर, 2018 तक

34. 'कुसुम योजना' का निम्नलिखित में से कौन-सा एक उद्देश्य नहीं है?
(1) इसके तहत सौर जल पंपों के माध्यम से किसानों को जल सुरक्षा प्रदान करना।
(2) इसके तहत भविष्य में किसानों की आय बढ़ाना।
(3) इसके तहत गरीब परिवार की लड़कियों की शादी के लिये ₹50,000 की आर्थिक सहायता करना।
(4) इसके तहत राज्यों के सिंचाई विभागों को क्षमता के उपयोग के लिये विश्वसनीय रूप से ऊर्जा प्रदान करना।

35. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लिये प्रीमियम की राशि प्रतिवर्ष के लिये प्रति सदस्य कितनी निर्धारित की गई है?
(1) ₹500 (2) ₹450
(3) ₹330 (4) ₹520

36. सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक गलत है?
(1) इसकी स्थापना 1879 में स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी।
(2) यह केंद्र शिक्षा को संस्कृति से जोड़ने की दिशा में कार्य करता है।
(3) यह सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना को भी कार्यान्वित करता है।
(4) इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन गलत है?
(1) भारत ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी (जीईएफ) का संस्थापक सदस्य है।
(2) ओज़ोन परत के संरक्षण हेतु 1985 में वियना संधि की गई।
(3) भारत ने 1994 में मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र संधि (यूएनसीसीडी) पर हस्ताक्षर किये।
(4) भारत संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का सदस्य देश है तथा हर वर्ष यूएनईपी पर्यावरण कोष में एक करोड़ डॉलर का वार्षिक योगदान करता है।

38. राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान कहाँ स्थित है?
(1) पुणे (2) फरीदाबाद
(3) हैदराबाद (4) दिल्ली

39. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने हाल ही में आँकड़ों के आदान-प्रदान हेतु निम्नलिखित में से किसके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं?
(1) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
(2) वित्तीय योजना मानक बोर्ड
(3) आर्थिक कार्य विभाग
(4) इनमें से कोई नहीं

40. नीति आयोग ने तीन वर्षीय एक्शन एजेंडा में स्वास्थ्य क्षेत्र पर कुल खर्च 1.7 प्रतिशत से बढ़ाकर कितने प्रतिशत तक लाने की बात कही है?
(1) 4.5 प्रतिशत (2) 2.5 प्रतिशत
(3) 3.6 प्रतिशत (4) 3.9 प्रतिशत

41. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
(1) 1 जून (2) 21 जून
(3) 23 मार्च (4) 23 अप्रैल

42. 'अदृश्य निर्यात' का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(1) सेवाओं के निर्यात से
(2) अलिखित सामान के निर्यात से
(3) तस्करी से सामान के निर्यात से
(4) प्रतिबंधित सामान के निर्यात से

43. वैज्ञानिकों की टीमों में किसने सर्वप्रथम अंटार्कटिका के ऊपर ओज़ोन छिद्र का पता लगाया?
(1) जर्मन टीम ने (2) ब्रिटिश टीम ने
(3) अमेरिकन टीम ने (4) रूसी टीम ने

44. अम्ल वर्षा किनके द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के कारण होती है?
(1) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड
(2) ओज़ोन और कार्बन डाइऑक्साइड
(3) कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन
(4) कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड

45. धारणीय विकास किसके उपयोग के संदर्भ में अंतर-पीढ़ीगत संवेदनशीलता का विषय है?
(1) भौतिक संसाधन
(2) प्राकृतिक संसाधन
(3) सामाजिक संसाधन
(4) औद्योगिक संसाधन

46. राष्ट्रीय बागवानी मिशन कब प्रारंभ किया गया?
(1) मई 2007 में (2) मई 2004 में
(3) मई 2005 में (4) मई 2006 में

47. निम्नलिखित में से कौन मृदा से संबंधित है?
(1) टोपोग्राफी
(2) बायोटिक
(3) क्लाइमेटिक
(4) इडेफिक

48. शादी के दौरान दूल्हे द्वारा दुल्हन के मायके में पेड़ लगाने की रस्म शुरू करने वाला आंदोलन है-
(1) नवदान्य आंदोलन
(2) मैती आंदोलन
(3) चिपको आंदोलन
(4) बलियापाल आंदोलन

49. 'बॉन सम्मेलन' क्या है?
(1) लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण की संधि
(2) प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण की अंतर्सरकारी संधि
(3) वन्यजीवों एवं वनोत्पादों की तस्करी पर रोक हेतु एक समझौता
(4) इनमें से कोई नहीं

50. भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें भू-तापीय ऊर्जा स्रोत नहीं पाए गए हैं?
(1) गंगा डेल्टा (2) हिमालय
(3) पश्चिमी तट (4) गोदावरी डेल्टा

51. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?
(1) पिछौला झील - अजमेर
(2) नवलखा झील - उदयपुर
(3) राजसमंद झील - राजसमंद
(4) फाय सागर झील - बूँदी

52. निम्नलिखित में से कौन–से जिले उदयपुर संभाग से संबंधित हैं?
(1) पाली, जालौर, बाड़मेर,
(2) श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू
(3) राजसमंद, डूँगरपूर, बाँसवाड़ा
(4) धौलपुर, करौली, सवाई

53. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (खनिज)** | **सूची-II (सर्वाधिक उत्पादक)** |
|---|---|
| A. तांबा | (i) उदयपुर |
| B. टंगस्टन | (ii) बाँसवाड़ा |
| C. मैगनीज | (iii) झुंझुनूँ |
| D. यूरेनियम | (iv) नागौर |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   A. प्रदेश का जालौर जिला 'ग्रेनाइट सिटी' के नाम से प्रसिद्ध है।
   B. देश के कुल चूना पत्थर का लगभग 10% भंडार राजस्थान में है।
   C. देश के कुल मार्बल का लगभग 90% राजस्थान से प्राप्त होता है।

   उपुर्यक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं
   (1) केवल A (2) केवल B
   (3) केवल B और C (4) A, B और C

55. राजस्थान में रेशम उत्पादन से संबंधित 'टसर कृषि' प्रदेश के किन-किन जिलों में होती है?
   (1) कोटा और उदयपुर में
   (2) बूँदी और बीकानेर में
   (3) उदयपुर और भरतपुर में
   (4) चुरू और धौलपुर में

56. राजस्थान के माउंट आबू (सिरोही) में स्थित अचलगढ़ के किले का निर्माण किसने कराया था?
   (1) राव बरसिंह ने (2) महाराणा कुंभा ने
   (3) सवाई जयसिंह ने (4) रावत जैसल ने

57. राजस्थान के किस जिले में 'केसर विलास महल' स्थित है?
   (1) झालावाड़ में (2) उदयपुर में
   (3) सिरोही में (4) भीलवाड़ा में

58. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?
   (1) चामुंडा माता - माँगलोद (नागौर)
   (2) बाणमाता - उदयपुर
   (3) राणी सती - झुंझुनूँ
   (4) आवड़माता - जैसलमेर

59. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाले जिलों को अवरोही क्रम में जमाएँ:
   (1) बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर
   (2) बाँसवाड़ा, जोधपुर, जैसलमेर
   (3) गंगानगर, झुंझुनूँ, पाली
   (4) हनुमानगढ़, चित्तौड़गढ़, गंगानगर

60. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन-से दो जिले जो अपनी कुल जनसंख्या में सबसे कम अनुसूचित जनजाति प्रतिशत रखते हैं?
   (1) बाँसवाड़ा और डूँगरपुर
   (2) बीकानेर और नागौर
   (3) गंगानगर और हनुमानगढ़
   (4) उदयपुर और सिरोही

61. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या में 'मुस्लिम' और 'सिक्ख' की जनसंख्या का कितना-कितना प्रतिशत है?
   (1) 9.07% और 1.27%
   (2) 0.91% और 0.14%
   (3) 8.00% और 3.00%
   (4) 10.00% और 4.00%

62. 10वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन कब एवं किस देश में किया जाएगा?
   (1) वर्ष 2018, रूस में
   (2) वर्ष 2018, भारत में
   (3) वर्ष 2018, दक्षिण अफ्रीका में
   (4) वर्ष 2018, ब्राज़ील में

63. फरवरी, 2018 में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी किये गए भ्रष्टाचार बोध सूचकांक, 2017 में भारत का कौन-सा स्थान था?
   (1) 81वाँ (2) 85वाँ
   (3) 87वाँ (4) 89वाँ

64. 'मित्र शक्ति-2017' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास किन देशों की सेनाओं के बीच हुआ था?
   (1) भारत और नेपाल (2) भारत और भूटान
   (3) भारत और श्रीलंका (4) भारत और मालदीव

65. 'मिशन इंद्रधनुष' द्वारा देश के सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु लक्ष्य रखा गया है-
   (1) वर्ष 2021 तक (2) वर्ष 2020 तक
   (3) वर्ष 2023 तक (4) वर्ष 2024 तक

66. भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड' योजना की शुरुआत राजस्थान के किस जिले से की गई?
   (1) जैसलमेर से (2) झुंझुनूँ से
   (3) श्रीगंगानगर से (4) जयपुर से

67. स्वच्छ भारत अभियान द्वारा 'स्वच्छ भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने का लक्ष्य है-
   (1) वर्ष 2020 तक  (2) वर्ष 2022 तक
   (3) वर्ष 2019 तक  (4) वर्ष 2024 तक

68. वर्ष 2017 में श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बैसाख दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किस देश के प्रधानमंत्री सम्मिलित हुए थे?
   (1) भारत के  (2) पाकिस्तान के
   (3) नेपाल के  (4) भूटान के

69. विश्व सतत् विकास सम्मेलन का आयोजन फरवरी, 2018 में भारत में कहाँ किया गया था?
   (1) नई दिल्ली में  (2) लखनऊ में
   (3) जयपुर में  (4) चंडीगढ़ में

70. मई 2017 को भारत की पहली 'तेजस' ट्रेन किन स्थानों के मध्य शुरू हुई?
   (1) दिल्ली-जयपुर  (2) मुंबई-गोवा
   (3) पटना-सूरत  (4) गांधीनगर-जैसलमेर

71. दिसंबर, 2017 को जोहांसबर्ग (द. अफ्रीका) में संपन्न राष्ट्रमंडल कुश्ती प्रतियोगिता में भारत ने कुल कितने स्वर्ण पदक हासिल किये थे?
   (1) 35  (2) 38
   (3) 29  (4) 25

72. वासेनार व्यवस्था किससे संबंधित है?
   (1) मिसाइल तकनीक के नियंत्रण से
   (2) जैविक हथियारों के नियंत्रण से
   (3) परमाणु आपूर्ति से
   (4) परंपरागत हथियारों और दोहरे उपयोग वाली वस्तु और प्रौद्योगिकी के निर्यात पर नियंत्रण करना।

73. निम्नलिखित में से कौन-सा आतंकवादी संगठन नाइजीरिया में सक्रिय है?
   (1) बोको हरम  (2) हमास
   (3) हिजबुल्लाह  (4) अल सय्याक

74. बिम्सटेक का सचिवालय कहाँ स्थित है?
   (1) नई दिल्ली  (2) काठमांडू
   (3) कोलंबो  (4) ढाका


75. गुटनिरपेक्ष सम्मेलन का आयोजन कितने वर्षों के अंतराल पर किया जाता है?
   (1) दो  (2) तीन
   (3) चार  (4) एक

76. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
   (1) जिनेवा  (2) हेग
   (3) न्यूयार्क  (4) वाशिंगटन

77. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
   (1) गुरुग्राम (भारत)  (2) काठमांडू (नेपाल)
   (3) थिम्फु (भूटान)  (4) ढाका (बांग्लादेश)

78. 'दक्षेस' किस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है?
   (1) पूर्वी एशिया
   (2) दक्षिण एशिया
   (3) मध्य एशिया
   (4) दक्षिण पूर्व एशिया

79. राजस्थान के निम्नांकित मानचित्र में संगमरमर की स्थिति (i), (ii), (iii) और (iv) से प्रदर्शित की गई है। मानचित्र के नीचे दिये गए क्रम से इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिये।




   (1) काला, सतरंगी, बादामी, गुलाबी
   (2) गुलाबी, बादामी, काला, सतरंगी
   (3) सतरंगी, गुलाबी, बादामी, काला
   (4) काला, सतरंगी, गुलाबी, बादामी


80. 'वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट' किसके द्वारा तैयार की जाती है?
   (1) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा
   (2) यूरोपीय केंद्रीय बैंक द्वारा
   (3) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक द्वारा
   (4) आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन द्वारा

81. भारत में कृषि उत्पादों के बाज़ार को किसके अधीन विनियमित किया जाता है?
   (1) खाद्य उत्पाद आदेश, 1956 एवं माँस तथा खाद्य उत्पाद आदेश, 1973
   (2) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955
   (3) राज्यों द्वारा अधिनियमित कृषि उत्पाद विपणन समिति अधिनियम
   (4) कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण एवं चिह्नांकन) अधिनिमय 1937

82. निम्नलिखित में से कौन औद्योगिक कर्मकारों के लिये 'उपभोक्ता कीमत सूचकांक' निकालता है?
(1) श्रम ब्यूरो
(2) भारतीय रिज़र्व बैंक
(3) आर्थिक कार्य विभाग
(4) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

83. जोखिम पूंजी से क्या तात्पर्य है?
(1) उद्योगों के प्रतिस्थापन एवं नवीकरण के लिये उपलब्ध कराई गई निधियाँ।
(2) उद्योगों को उपलब्ध कराई गई अल्पकालीन पूंजी।
(3) नए उद्यमियों को उपलब्ध कराई गई दीर्घकालीन प्रारंभिक पूंजी।
(4) उद्योगों को हानि उठाते समय उपलब्ध कराई गई निधियाँ।

84. निम्नलिखित भारत के मानचित्र पर बंदरगाहों की स्थिति (i) (ii) (iii) एवं (iv) से प्रदर्शित की गई है। इन्हें पहचानिये तथा नीचे दिये गए क्रम से उत्तर दीजिये:




(1) तूतीकोरिन, मर्मगाव, न्हावाशेवा, कांडला
(2) कांडला, न्हावाशेवा, मर्मगाव, तूतीकोरिन
(3) मर्मगाव, कांडला, तूतीकोरिन, न्हावाशेवा
(4) न्हावाशेवा, कांडला, तूतीकोरिन, मर्मगाव

85. 14वीं, 15वीं शताब्दी में मुर्शिदाबाद किस वस्तु के प्रमुख उत्पादन केंद्र के रूप में उभरा?
(1) सूती वस्त्रों के उत्पादन के लिये
(2) हाथी दाँत के सामान के लिये
(3) शिल्पकला के लिये
(4) रेशमी वस्त्रों के उत्पादन के लिये

86. **कथन (A):** बंगाल में स्थानीय देवी-देवता जो पहले गाँवों में दान-छप्पर वाली झोपड़ियों में पूजे जाते थे, 18वीं-19वीं सदी मे उनकी प्रतिमाएँ मंदिर में स्थापित की जाने लगीं।
**कारण (R):** 18वीं-19वीं सदी में बंगाल के गाँवों के स्थानीय लोगों ने मंदिर बनाने की शैली सीख ली।
**कूट:**
(1) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) (A) सही है परंतु (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

87. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (मंदिर)** | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|
| A. जैन मंदिर | (i) माउंट आबू |
| B. सूर्य मंदिर | (ii) भुवनेश्वर |
| C. लिंगराज मंदिर | (iii) कोणार्क |
| D. कंदरिया महादेव मंदिर | (iv) खजुराहो |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

88. अंग्रेज़ों ने अपने शासनकाल में भारतीय समाज में विधवाओं और बच्चों के जीवन में सुधार लाने के लिये कुछ कानूनी प्रयास किये। निम्नलिखित में से ऐसे प्रयासों का सही कालक्रम कौन-सा है?
(1) सती प्रथा पर रोक → बाल विवाह निषेध अधिनियम → विधवा विवाह के पक्ष में कानून
(2) सती प्रथा पर रोक → विधवा विवाह के पक्ष में कानून → बाल विवाह निषेध अधिनियम
(3) विधवा विवाह के पक्ष में कानून → सती प्रथा पर रोक → बाल विवाह निषेध अधिनियम
(4) बाल विवाह निषेध अधिनियम → सती प्रथा पर रोक → विधवा विवाह के पक्ष में कानून

89. पोलीगर कौन थे?
(1) दक्षिण भारतीय व्यापारी वर्ग।
(2) दक्षिण भारत में अंग्रेज़ों के खिलाफ विद्रोह करने वाले ज़मींदार।
(3) किसानों के शोषण के खिलाफ ज़मींदारों और अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह करने वाले।
(4) उत्तर-पूर्वी भारत में विद्रोह करने वाले आदिवासी।

90. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (आविष्कार)** | **सूची-II (आविष्कारक)** |
|---|---|
| A. न्यूट्रॉन | (i) जे.चैडविक |
| B. इलेक्ट्रॉन | (ii) ई.गोल्डस्टीन |
| C. प्रोट्रॉन | (iii) ई. रदरफोर्ड |
| D. परमाणु नाभिक | (iv) जे.जे.टॉमसन |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

91. लिटमस विलयन जब न तो अम्लीय होता है, न ही क्षारीय, तब वह किस रंग का होता है?
(1) नीला (2) बैंगनी
(3) लाल (4) पीला

92. किस गैस के कारण पावरोटी या केक फूलकर मुलायम एवं स्पंजी हो जाते हैं?
(1) ऑक्सीजन (2) नाइट्रोजन
(3) क्लोरीन (4) कार्बन डाइऑक्साइड


93. विद्युत धारा की दिशा होती है-
(1) परिपथ में प्रोटॉनों के प्रवाह की दिशा के विपरीत।
(2) परिपथ में इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह की दिशा के विपरीत।
(3) परिपथ में इलेक्ट्रॉनों के प्रवाह की दिशा के अनुरूप।
(4) परिपथ में प्रोटॉनों के प्रवाह की दिशा के अनुरूप।

94. अक्सर समाचारों में 'गोल्डीलॉक्स ज़ोन' शब्द का प्रयोग देखा जाता है। वह किसके संदर्भ में प्रयुक्त किया जाता है?
(1) मूल्यवान धातुओं से युक्त उल्कापिंडों की खोज के संदर्भ में
(2) भूपृष्ठ के ऊपर वासयोग्य मंडल की सीमाओं के संदर्भ में
(3) बाह्य अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसे ग्रहों की खोज के संदर्भ में
(4) पृथ्वी के अंदर का वह क्षेत्र, जिसमें शैल गैस उपलब्ध है, के संदर्भ में

95. इंडआर्क (Ind ARC) किसका नाम है?
(1) आर्कटिक क्षेत्र के वैज्ञानिक अध्ययन हेतु भारत की अंतर्जलीय वेधशाला
(2) देशज रूप से विकसित, भारतीय रक्षा में अधिष्ठापित रडार सिस्टम
(3) हिंद महासागर क्षेत्र में रिम के देशों को सेवा प्रदान करने हेतु भारत का उपग्रह
(4) भारत द्वारा अंटार्कटिका क्षेत्र में स्थापित एक वैज्ञानिक प्रतिष्ठान

96. WIMAX निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(1) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी (2) मिसाइल प्रौद्योगिकी
(3) संचार प्रौद्योगिकी (4) जैव प्रौद्योगिकी

97. राजस्थान के निम्नांकित मानचित्र में खनिज की स्थिति (i), (ii), (iii) और (iv) से प्रदर्शित की गई है। मानचित्र के नीचे दिये क्रम से इन्हें पहचानिये तथा सही उत्तर दीजिये:




(1) जिप्सम, डोलोमाइट, क्वाट्र्ज़, ग्रेनाइट
(2) क्वाट्र्ज़, ग्रेनाइट, डोलोमाइट, जिप्सम
(3) डोलोमाइट, जिप्सम, ग्रेनाइट, क्वाट्र्ज़
(4) ग्रेनाइट, क्वाट्र्ज़, डोलोमाइट, जिप्सम

98. भारत में 'मुद्रा संबंधी नोटों की निर्गमन प्रणाली' किस पर आधारित है?
(1) न्यूनतम कोष प्रणाली पर
(2) पूर्ण परिवर्तनशीलता प्रणाली पर
(3) आनुपातिक कोष प्रणाली पर
(4) स्थिर विनिमय दर प्रणाली पर

99. निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक है जिसने कृषकों के पास आसानी से पहुँचने के लिये 'किसान क्लब' बनाए हैं?
(1) इलाहाबाद बैंक ने
(2) पंजाब नेशनल बैंक ने
(3) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने
(4) भारतीय स्टेट बैंक ने

100. 'गोकुल ग्राम योजना' निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?
(1) आंध्र प्रदेश से (2) राजस्थान से
(3) गुजरात से (4) उत्तर प्रदेश से

101. 'मिड-डे-मील' योजना निम्नलिखित वर्ष में प्रारंभ हुई-
(1) वर्ष 1996 में (2) वर्ष 1995 में
(3) वर्ष 1998 में (4) वर्ष 1997 में

102. धनुष वैलिस्टिक मिसाइल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

A. इस मिसाइल को नौसेना के पोत से भी छोड़ा जा सकता है।

B. यह स्वदेशी तकनीक से निर्मित की जाने वाली पृथ्वी मिसाइल का ही रूपांतर है।

C. इस मिसाइल से पारंपरिक और परमाणु दोनों प्रकार के हथियारों का प्रक्षेपण आसानी से किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) केवल B

(3) B और C (4) A, B और C

103. हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'टीबी उन्मूलन शिखर सम्मेलन' में भारत से किस वर्ष तक टीबी रोग को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है?

(1) वर्ष 2022 (2) वर्ष 2023

(3) वर्ष 2024 (4) वर्ष 2025

104. भारत की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता ईरानी कप का आयोजन भारत में कब एवं कहाँ किया गया था?

(1) 14-18 मार्च, नागपुर में

(2) 20-24 फरवरी, भोपाल में

(3) 2-6 जनवरी, जयपुर में

(4) 9-13 मार्च, कानपुर में

105. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| | **नाम** | | **क्षेत्र** |
|---|---|---|---|
| (1) | रामचंद्रन नागास्वामी | - | पुरातत्त्व |
| (2) | अरविंद पारिख | - | संगीत |
| (3) | दामोदर गणेश बापट | - | सामाजिक कार्य |
| (4) | अनवर जलालपुरी | - | योग |

106. $\sqrt{65}-\sqrt{58}, \sqrt{53}-\sqrt{46}, \sqrt{50}-\sqrt{43}, \sqrt{36}-\sqrt{29}$ में से सबसे छोटा कौन है?

(1) $\sqrt{65}-\sqrt{58}$

(2) $\sqrt{53}-\sqrt{46}$

(3) $\sqrt{50}-\sqrt{43}$

(4) $\sqrt{36}-\sqrt{27}$

107. एक केमिकल फैक्ट्री में 555 लीटर, 444 लीटर और 518 लीटर की तीन टंकियाँ केमिकल से भरी हुई हैं। वह बड़ी से बड़ी माप (लीटर में) क्या होगी जो उन्हें पूरा-पूरा माप सके?

(1) 11 लीटर

(2) 44 लीटर

(3) 26 लीटर

(4) 37 लीटर

108. कोई रेलगाड़ी किसी औसत चाल से 63 किमी. दूरी तक चलती है और तब अपनी प्रारंभिक चाल से 6 किमी./घंटा अधिक की औसत चाल से 72 किमी. की दूरी तय करती है। यदि उसे पूरी यात्रा संपन्न करने में 3 घंटे लगते हैं, तो रेलगाड़ी की प्रारंभिक चाल किमी./घंटा क्या है?

(1) 24 (2) 33

(3) 42 (4) 66

109. 8 लड़कों और 6 लड़कियों में से 5 को चुनकर एक आयोग गठित किया जाता है। इस आयोग को गठित करने के कुल कितने तरीके हो सकते हैं जिनमें लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से हमेशा अधिक हो?

(1) 1260 (2) 840

(3) 62 (4) 220

110. एक टंकी जो पूरी भरी हुई है, को एक खाली करने वाला पाइप 30 मिनट में खाली करता है, परंतु यदि सिर्फ एक भरने वाला पाइप खुला हो तो यह 40 मिनट में टंकी को पूरी भर देता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खुले हों तो पूरी भरी हुई टंकी को खाली होने में कितना समय लगेगा?

(1) 140 मिनट (2) 120 मिनट

(3) 160 मिनट (4) 180 मिनट

111. दो अंकों की एक संख्या के अंकों का योग 8 है। उस संख्या में से जब 54 को घटाया जाता है तो उसके अंक पलट जाते हैं। निम्न में से कौन-सी वह मूल संख्या है?

(1) 71 (2) 17

(3) 62 (4) 53

112. कुछ धनराशि वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 5% ब्याज देकर प्रति ₹ 17640 की दो वार्षिक किश्तों में चुकाई जाती है। उधार ली गई राशि कितनी थी?

(1) ₹ 32800 (2) ₹ 32200

(3) ₹ 32000 (4) ₹ 32400

113. एक व्यक्ति तथा उसकी पुत्री की आयु का औसत 20 वर्ष है। 4 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 3 : 1 होगा। 4 वर्ष बाद पुत्री की आयु कितनी होगी?

(1) 16 वर्ष (2) 10 वर्ष

(3) 8 वर्ष (4) 12 वर्ष

114. एक चुनाव में दो उम्मीदवारों में से एक ने कुल वैध मतों के 55% मत प्राप्त किये तथा 20% मत अवैध घोषित कर दिये गए। यदि कुल मतों की संख्या 7500 हो तो दूसरे उम्मीदवार ने कुल कितने वैध मत प्राप्त किये?

(1) 3100 (2) 3500

(3) 2600 (4) 2700

115. एक पार्टी में कुल 16 सदस्य उपस्थित हैं तथा उपस्थित सभी सदस्यों की आयु का औसत 30 वर्ष है। तभी मिस्टर X जो कि 36 वर्ष के हैं, पार्टी से चले जाते हैं और 20 वर्ष के मिस्टर Y पार्टी में आ जाते हैं तो अब पार्टी के सभी सदस्यों की आयु का औसत कितना है?


(1) 20 वर्ष (2) 29 वर्ष

(3) 27 वर्ष (4) 24 वर्ष

116. एक व्यापारी के पास 6 क्विंटल चीनी थी। इसमें से उसने कुछ चीनी 7% लाभ पर तथा शेष 17% लाभ पर बेची। सारी चीनी पर उसे कुल 11% लाभ प्राप्त हुआ तो उसने 7% लाभ पर कितनी चीनी बेची?
(1) 300 kg (2) 240 kg
(3) 200 kg (4) 360 kg


117. तीन संख्याओं में पहली संख्या दूसरी से 5 गुनी तथा दूसरी संख्या पहली से 3 गुनी है। यदि तीनों संख्याओं का गुणनफल 2880 हो तो दूसरी संख्या क्या होगी?
(1) 20 (2) 4
(3) 8 (4) 12

118.








प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन-सी संख्या आनी चाहिये?
(1) 453 (2) 980
(3) 885 (4) 1005

119. दिये गए चित्र एक निश्चित नियम के अनुसार परिवर्तित हो रहे हैं-




यदि परिवर्तन इसी नियमानुसार हो तो प्रश्नचिह्न पर कौन-सा चित्र आएगा?

(1) 
(2) 
(3) 
(4) 

**प्रश्न संख्या 120 से 122 के लिये:** निम्न सारणी का अवलोकन कीजिये-

| पाठ्यक्रम | चुने गए विद्यार्थियों की संख्या | निरस्त किये गए आवेदनों का % |
|---|---|---|
| इंजीनियरिंग | 400 | 20 |
| वाणिज्य | 380 | 22 |
| विज्ञान | 380 | 16 |
| कला | 400 | 18 |
| गृह विज्ञान | 430 | 12 |


उपर्युक्त सारणी में पाँच पाठ्यक्रमों के लिये चुने गए विद्यार्थियों की संख्या और निरस्त किये गए आवेदनों का प्रतिशत दिया गया है।

120. सर्वाधिक आवेदन किस पाठ्यक्रम के लिये किये गए?
(1) कला (2) इंजीनियरिंग
(3) विज्ञान (4) गृह विज्ञान

121. इंजीनियरिंग के लिये कितने विद्यार्थियों ने आवेदन किया?
(1) 600 (2) 700
(3) 500 (4) 650


122. गृह विज्ञान पाठ्यक्रम के लिये निरस्त किये गए विद्यार्थियों की संख्या लगभग कितनी है?
(1) 45 (2) 38
(3) 65 (4) 59

123. निम्नलिखित चित्र में कुल कितने त्रिभुज हैं?




(1) 15 (2) 14
(3) 12 (4) 16

**प्रश्न संख्या 124 से 126 के लिये:** नीचे दिये गए वृत्त चित्रों का अवलोकन कीजिये-




**(2008 में विश्व)**




**(2008 में भारत)**

निम्नलिखित वृत्त आरेखों के माध्यम से विश्व (विभिन्न देशों के अनुसार) एवं भारत (राज्यों के अनुसार) में चाय के उत्पादन को दिखाया गया है। 2008 में विश्व में चाय का उत्पादन $32 \times 10^5$ टन था।

124. इंडोनेशिया और केरल के चाय उत्पादन में हुए अंतर को ज्ञात कीजिये:
(1) 6400 टन (2) $64 \times 10^4$ टन
(3) $640 \times 10^2$ टन (4) $64 \times 10^3$ टन

125. असम में चाय का उत्पादन श्रीलंका के चाय उत्पादन का कितना प्रतिशत है?
(1) 80% (2) 83.33%
(3) 75% (4) इनमें से कोई नहीं

126. भारत में चाय का उत्पादन 'अन्य' सवर्गों के चाय उत्पादन से कितना गुना अधिक है?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) इनमें से कोई नहीं

127. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'FAVOUR' को 'ECURTV' लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'FOSTER' को क्या लिखा जाएगा?
(1) EQRWDV (2) QEWRVD
(3) GQTWFV (4) EPRVDU

128. गीता 15 मी. पश्चिम की ओर चलती है। इसके बाद वह दाईं ओर मुड़ जाती है और पुन: 15 मी. चलती है और फिर वह बाईं ओर मुड़ जाती है तथा 10 मी. चलती है। फिर वह अपने बाईं ओर मुड़कर 15 मी. चलती है। बताइये कि उसके चलने के प्रारंभिक स्थान से वर्तमान स्थान की सबसे छोटी दूरी कितनी है?
(1) 35 मी. (2) 25 मी.
(3) 45 मी. (4) 15 मी.

129. अनुक्रम 165, 195, 255, 285, 345 ...... का अगला पद है-
(1) 420 (2) 390
(3) 480 (4) 375

130. जिस प्रकार 'विंबल्डन ट्रॉफी' का संबंध 'टेनिस' से है, उसी प्रकार 'वाकर कप' का संबंध किससे है?
(1) कुश्ती (2) क्रिकेट
(3) गोल्फ (4) शतरंज

131. यदि 'PRABA' का कोड '27595' तथा 'THILAK' का कोड '368451' हो तो इसी प्रकार 'BHARATHI' का कोड क्या होगा?
(1) 96575368 (2) 57686535
(3) 43685241 (4) 85624322

132. हाल ही में चर्चा में रहा ऐसा कौन-सा देश है जिसने महिलाओं और पुरुषों के लिये समान वेतन संबंधी अधिकार को लागू कर विश्व में प्रथम स्थान हासिल किया है?
(1) आइसलैंड (2) चीन
(3) भारत (4) मालदीव

133. 'बाड़मेर रिफाइनरी के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
A. बाड़मेर रिफाइनरी राजस्थान के बाड़मेर के पचपदरा में स्थित है।
B. यह रिफाइनरी बीएस-6 उत्पादों के उत्पादन में सक्षम है।
C. इसमें राजस्थान सरकार का इक्विटी शेयर-45 प्रतिशत है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल A और B (4) A, B और C

134. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) FDI, आर्थिक विकास के लिये गैर-ऋण वित्तीय संसाधनों का एक प्रमुख स्रोत है।
(2) भारत में होने वाले FDI से तकनीकी ज्ञान के स्तर पर रोज़गार सृजन में वृद्धि होती है।
(3) FDI में निवेशित पूंजी के प्रयोग पर निवेशक का कोई नियंत्रण नहीं होता है।
(4) FDI दीर्घकालीन स्वभाव के होते हैं, इनके साथ पूंजी पलायन का भय नहीं होता।

135. 5वें अंतर्राष्ट्रीय डेटा साइंस सम्मेलन का आयोजन किस देश में किया गया?
(1) संयुक्त राज्य अमेरिका में
(2) भारत में
(3) अफगानिस्तान में
(4) चीन में

136. हाल ही में चर्चा में रहे S-$CO_2$ ब्रैटॅन टेस्ट लूप के संबंध में दिये गए कथनों पर विचार कीजिये:
A. यह कार्बन डाइऑक्साइड गैस ($CO_2$) की तरल अवस्था है।
B. इसे निर्मित करने के लिये 31°C से अधिक के क्रिटिकल ताप और 73 एटमॉस्फेयरिक दाब की आवश्यकता होती है।
C. यह राष्ट्रीय सोलर मिशन में तय किये गए उद्देश्यों की पूर्ति में मददगार साबित होगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल A और B (4) A, B और C

137. फरवरी, 2015 में शुरू की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना को सफल बनाने के लिये दूसरे चरण का लक्ष्य रखा गया है—
(1) वर्ष 2021 तक
(2) वर्ष 2020 तक
(3) वर्ष 2019 तक
(4) वर्ष 2023 तक

138. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर को चुनिये:

| **सूची-I (समाचार पत्र का नाम)** | **सूची-II (संस्थापक)** |
|---|---|
| A. देश हितैषी | (i) कर्पूरचंद कुलिश |
| B. सर्वोदय वाहक | (ii) सुमनेश जोशी |
| C. दैनिक रियासती | (iii) चिमनलाल मालोत |
| D. राजस्थान पत्रिका | (iv) मुंशी मुन्नालाल शर्मा |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

139. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| | **व्यक्ति** | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| (1) | मेंहदी हसन | सारंगी वादक |
| (2) | भरत व्यास | मशहूर गीतकार |
| (3) | शकुंतला पवार | लोक नृत्यांगना |
| (4) | मधु भट्ट-तैलंग | ध्रुपद गायिका |

140. 1974 में नौवें मुख्य बंदरगाह के रूप में किसे घोषित किया गया है?
(1) जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह
(2) न्यू मंगलोर बंदरगाह
(3) कोलकाता बंदरगाह
(4) पारादीप बंदरगाह

141. 'ब्रह्मपुत्र बोर्ड' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) ब्रह्मपुत्र बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र और बराक नदी घाटियाँ शामिल हैं।
(2) ब्रह्मपुत्र बोर्ड एक स्वायत्त निकाय है।
(3) ब्रह्मपुत्र बोर्ड ने कुल मिलाकर 67 मास्टर प्लान और 15 अतिरिक्त प्लान तैयार किये हैं।
(4) बोर्ड ने पूर्वोत्तर हाइड्रोलिक और अनुषंगी अनुसंधान संस्थान (नेहरी) की स्थापना उत्तरी गुवाहाटी के रुद्रेश्वर में की है।

142. विश्व का पहला तेल कुआँ निम्नलिखित में से कहाँ प्रवेधित (ड्रिल) किया गया था?
(1) लंदन में (2) असम में
(3) पेंनसिलवेनिया में (4) पिट्सबर्ग में

143. निम्नलिखित में से कौन-सा जंतु स्तनपायी नहीं है?
(1) मगरमच्छ (2) ह्वेल
(3) डॉल्फिन (4) सील

144. मुगलकाल में 'शेरमंडल' निम्नलिखित में से किससे संबंधित था?
(1) हुमायूँ का पुस्तकालय (2) हुमायूँ का मकबरा
(3) शेरशाह का मकबरा (4) दिल्ली का पुराना किला

145. अकबर के दरबार में 'महेशदास' किसका उपनाम था?
(1) टोडरमल का (2) अबुल फजल का
(3) फैजी का (4) बीरबल का

146. 'राजस्थानी और पंजाबी पहाड़ी शैली' का विकास निम्नलिखित में से किस मुगल शासक के शासनकाल में हुआ था?
(1) औरंगजेब (2) शाहजहाँ
(3) अकबर (4) जहाँगीर

147. महाद्वीपों एवं महासागरों के वितरण से संबंधित 'महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत' किस वैज्ञानिक के द्वारा प्रतिपादित किया गया है?
(1) आर्थर होम्स (2) अल्फ्रेड वेगनर
(3) अब्राहम ऑरटेलियस (4) हैरी हेस

148. 'रिंग ऑफ फायर' किस महासागर की विशेषता है?
(1) आर्कटिक महासागर (2) अटलांटिक महासागर
(3) प्रशांत महासागर (4) हिंद महासागर

149. डोलाइन, युवाला तथा लैपीज उदाहरण हैं-
(1) पवनों द्वारा अपरदित स्थलरूप का
(2) भौम जल द्वारा अपरदित स्थलाकृतियों का
(3) हिमनदों द्वारा अपरदित स्वरूप का
(4) भौम जल द्वारा निक्षेपित स्थलाकृतियों का

150. कार्स्ट स्थलाकृतियों का निर्माण होता है-
(1) भौम जल के द्वारा
(2) पवनों के द्वारा
(3) सागरीय तरंगों के द्वारा
(4) हिमनदों के द्वारा

दृष्टि The Vision

## आर.ए.एस./आर.टी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान) मॉडल पेपर-4 उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (4) | 39. | (1) | 77. | (1) | 115. | (2) |
| 2. | (2) | 40. | (3) | 78. | (2) | 116. | (4) |
| 3. | (2) | 41. | (2) | 79. | (4) | 117. | (4) |
| 4. | (3) | 42. | (1) | 80. | (1) | 118. | (1) |
| 5. | (4) | 43. | (2) | 81. | (3) | 119. | (3) |
| 6. | (1) | 44. | (1) | 82. | (1) | 120. | (2) |
| 7. | (4) | 45. | (2) | 83. | (3) | 121. | (3) |
| 8. | (2) | 46. | (3) | 84. | (2) | 122. | (4) |
| 9. | (4) | 47. | (4) | 85. | (4) | 123. | (3) |
| 10. | (2) | 48. | (2) | 86. | (3) | 124. | (4) |
| 11. | (4) | 49. | (2) | 87. | (2) | 125. | (2) |
| 12. | (3) | 50. | (1) | 88. | (2) | 126. | (1) |
| 13. | (1) | 51. | (3) | 89. | (2) | 127. | (1) |
| 14. | (3) | 52. | (3) | 90. | (2) | 128. | (2) |
| 15. | (2) | 53. | (4) | 91. | (2) | 129. | (4) |
| 16. | (2) | 54. | (4) | 92. | (4) | 130. | (3) |
| 17. | (1) | 55. | (1) | 93. | (2) | 131. | (1) |
| 18. | (3) | 56. | (2) | 94. | (3) | 132. | (1) |
| 19. | (3) | 57. | (3) | 95. | (1) | 133. | (3) |
| 20. | (1) | 58. | (1) | 96. | (3) | 134. | (3) |
| 21. | (4) | 59. | (1) | 97. | (1) | 135. | (2) |
| 22. | (4) | 60. | (2) | 98. | (1) | 136. | (4) |
| 23. | (4) | 61. | (1) | 99. | (4) | 137. | (3) |
| 24. | (3) | 62. | (3) | 100. | (3) | 138. | (4) |
| 25. | (4) | 63. | (1) | 101. | (2) | 139. | (1) |
| 26. | (3) | 64. | (3) | 102. | (4) | 140. | (2) |
| 27. | (1) | 65. | (2) | 103. | (4) | 141. | (3) |
| 28. | (3) | 66. | (3) | 104. | (1) | 142. | (3) |
| 29. | (1) | 67. | (3) | 105. | (4) | 143. | (1) |
| 30. | (2) | 68. | (1) | 106. | (1) | 144. | (1) |
| 31. | (1) | 69. | (1) | 107. | (4) | 145. | (4) |
| 32. | (3) | 70. | (2) | 108. | (3) | 146. | (1) |
| 33. | (2) | 71. | (3) | 109. | (1) | 147. | (2) |
| 34. | (3) | 72. | (4) | 110. | (2) | 148. | (3) |
| 35. | (3) | 73. | (1) | 111. | (1) | 149. | (2) |
| 36. | (1) | 74. | (4) | 112. | (1) | 150. | (1) |
| 37. | (4) | 75. | (2) | 113. | (4) | | |
| 38. | (2) | 76. | (2) | 114. | (4) | | |